दिनांक 13.08.2024 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

प्रमुख आकर्षण 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर निगम भिलाई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन कार्यालय में ध्वजारोहण सुबह 7:30 बजे जोन के जोन अध्यक्ष, पार्षदगण एवं जोन के सभी अधिकारी/कर्मचारियो की उपस्थिति में किया जायेगा। प्रातः 8:00 बजे मुख्य कार्यालय में महापौर नीरज पाल, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण एवं आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव की उपस्थिति में किया जायेगा। तत्पश्चात प्रातः 8:30 बजे महापौर नीरज पाल द्वारा शहीद उद्यान सेक्टर 05 में ध्वजारोहण किया जायेगा। इस अवसर पर नगर निगम भिलाई क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के लिए जो भी संस्थाएँ उत्कृष्ठ कार्य कर रही है, उनको भी सम्मानित किया जायेगा। नगर निगम भिलाई के प्रत्येक विभाग से उत्कृष्ठ कार्य करने वाले दो कर्मचारियो को सम्मानित किया जायेगा। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने अधिकारी/कर्मचारियो को निर्देशित किये है कि निगम क्षेत्र के सभी चौक-चौराहो की साफ-सफाई हो, महापुरूषो की प्रतिमाओं की सफाई-घुलाई हो, माल्यापर्ण हो, प्रमुख जगहो पर देशभक्ति के गीत बजाये जावें। निगम के महापौर एवं आयुक्त ने सभी नागरिको से अपील की है। सभी नागरिक अपने घर पर एक झण्डा अवश्य लगाये एवं राष्ट्र के विकास में अपना सहयोग प्रदान करें।